Published Date	28th August, 2024	Publication	Rashtriya Sahara
Edition	Saharsa	Page No	7
Headline	Digital Sakhi project started in Saharsa district		

एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने की डिजिटल सखी परियोजना की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

सहरसा : देश की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने बिहार के सहरसा जिले में अपनी फ्लैगशिप कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजना डिजिटल सखी की शुरूआत की घोषणा की है। इस कार्यक्रम की शुरूआत कंपनी के डिजिटल और वित्तीय समावेशन वर्टिकल के तहत की गई है। डिजिटल सखी का मकसद डिजिटल वित्तीय साक्षरता के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ स्थायी तौर पर आजीविका पैदा कर सकें। इस महीने की शुरूआत में डिजिटल सखी कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर तक विस्तारित किया गया। बिहार और उत्तर प्रदेश के अलावा यह परियोजना वर्तमान में कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल में सक्रिय रूप से चल रही है।